राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम: हिंदी

पाठ 15 : अंधेर नगरी

कार्यपत्रक -15

1. 'अंधेर नगरी' नाटक में निहित व्यंग्य पर अपने शब्दों में एक टिप्पणी लिखिए।
2. देश की प्रगति के लिए सुदृढ़ न्याय व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। 'अंधेर नगरी' का संदर्भ देते हुए कथन की विवेचना कीजिए।
3. यदि इस नाटक का मंचन किया जाए तो आप कौन से पात्र का अभिनय करना चुनेंगे? कारण सहित लिखिए।
4. 'अंधेर नगरी' नाटक में चित्रित परिवेश का प्रभाव उसकी भाषा पर स्पष्ट दिखता है। विवेचना कीजिए।
5. देश की शासन व्यवस्था चलाते हुए प्रशासकों को किन प्रमुख बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए? बिन्दुवार लिखिए।
6. महंत द्वारा कही गई दो काव्यात्मक उक्तियों के मूल संदेश को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
7. साहित्य में व्यंग्यात्मक शैली रोचक होने के साथ-साथ अत्यंत प्रभावी भी होती है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपनी सहमति अथवा असहमति तर्क सहित स्पष्ट कीजिए। उदाहरण के रूप में आप 'अंधेर नगरी' नाटक अथवा कोई अन्य रचना ले सकते हैं।
8. यदि 'अंधेर नगरी' की भांति आपके नगर में हर वस्तु का मूल्य न्यूनतम हो जाए, तो आप प्रसन्न होंगे या दुखी? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।
9. स्वतन्त्रता पूर्व लिखी कुछ प्रमुख रचनाओं का विश्लेषण कीजिए और उनके मूल भावों को केंद्र में रखते हुए एक निबंध लिखिए।
10. मान लीजिए एक दिन आपकी मुलाकात 'अंधेर नगरी' के राजा से होती है। आप उसे क्या बातें करेंगे, क्या सुझाव देंगे? कल्पना कीजिए और 'चौपट राजा से एक मुलाकात' को संवादात्मक रूप में अभिव्यक्त कीजिए।